हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 5 सितंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



11 3 एसटीपी के निर्माण का काम बेहद धीमा, आयुक्त बिफरे





10 एनएसयूआई-एबीवीपी में जूतम पैजार, अखाड़ा ...





श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com


## सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शासन की गाइडलाइन की दी जानकारी, दिए दिशानिर्देश

# महिलाओं की सुरक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क एसपी साहू ने ली अस्पताल प्रबंधन की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

एसपी बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने शासकीय एवं निजी अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अस्पताल प्रबंधन की बैठक ली। उन्होंने अस्पताल में भर्ती बालक, बालिका, महिला एवं अन्य रोगी तथा महिला स्टाफ के सुरक्षा से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए।

कुछ दिनों पहले कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुई दुखद घटना को ध्यान में रखते हुए बुधवार को पुलिस अधीक्षक बेमेतरा साहू ने जिले की महिला चिकित्सकों, अस्पताल में भर्ती बालक, बालिकाओं, महिलाओं एवं अन्य रोगियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हुए जिले के अलग-अलग शासकीय एवं निजी अस्पतालों के डॉक्टर और अस्पताल प्रबंधन की बैठक ली। पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में आयोजित बैठक में वरिष्ठ कार्यालय से सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में प्राप्त निर्देशों के पालन के संबंध में अवगत कराया गया। उक्त बैठक में उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) बेमेतरा राजेश कुमार झा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी यशवंत ध्रुव, सिविल सर्जन जिला अस्पताल बेमेतरा एवं बेमेतरा जिले के अन्य शासकीय तथा निजी अस्पतालों के डॉक्टर, अस्पताल प्रबंधन उपस्थित रहे।



### असामाजिक तत्वों के आने या दुर्व्यवहार की पुलिस को तत्काल सूचना दें

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री साहू ने कहा कि अस्पताल में किसी भी प्रकार के असामाजिक तत्व के आने या दुर्व्यवहार करने की स्थिति पर तत्काल बेमेतरा पुलिस कंट्रोल रूम, नजदीकी थाना व चौकी को अवगत करने कहा गया, ताकि समय रहते बड़े अपराध को घटित होने से पूर्व असामाजिक तत्वों के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्रवाई की जा सके। साथ ही अस्पताल में आने-जाने वाले व्यक्तियों का रिकार्ड संधारण कराने के संबंध में प्राप्त निर्देश से अवगत कराया गया।

### पुलिस वेरिफिकेशन कराए बिना स्टाफ की भर्ती न करें

बेमेतरा पुलिस अधीक्षक ने शासकीय व निजी अस्पतालों में कार्यरत निजी सुरक्षाकर्मी, पार्किंग में कार्यरत लोगों का शत प्रतिशत चरित्र सत्यापन कराने को कहा। इसके साथ ही सभी अस्पतालों में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने एवं प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था करने को कहा। महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुए बैठक में उपस्थित सभी डॉक्टर एवं प्रबंधन को अपने शासकीय एवं निजी संस्थान की महिला डॉक्टर, स्टाफ को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए हैं कि वे बिना पुलिस वेरिफिकेशन के किसी भी स्टाफ को अपने निजी संस्थान में कार्य करने की अनुमति न दें। यह भी जानने की कोशिश करें कि वह पूर्व में जिस स्थान पर कार्यरत था, वह किन कारणों से उस स्थान को छोड़कर आपके संस्थान में आ रहा है, या उसे संस्थान से भगाया गया है। नशेड़ी प्रवृत्ति का ना हो। इसके अलावा अस्पताल में जहां पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं, वहां सुरक्षा की उचित व्यवस्था के लिए सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराने, सीसीटीवी कैमरा अधिक से अधिक स्थानों पर लगवाने, अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों को मरीज की वास्तविक स्थिति के बारे में समय-समय पर अवगत कराने को कहा गया।

# प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था पर कांग्रेस ने उठाए सवाल, किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध में वृद्धि का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कमेटी की ओर से एक दिवसीय मौन धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। प्रदर्शन में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता काली पट्टी लगाकर शामिल हुए।

■ भाजपा शासन में महिलाओं के खिलाफ अपराध में वृद्धि का लगाया आरोप

जिला मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय के सामने कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला स्तरीय मौन धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस आयोजन के माध्यम से प्रदेश में महिला सुरक्षा के मामले को कांग्रेसियों ने मौन रहकर उठाया। वहीं, उन्होंने बीते 8 माह में महिलाओं पर अत्याचार के मामले में दर्ज किए गए आंकड़ों को पेश करते प्रदेश की भाजपा सरकार में महिलाओं के असुरक्षित होने का आरोप लगाया। इस दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि महिलाओं के साथ देशभर में लगातार घटनाएं हो रही हैं। दुष्कर्म के मामले बढ़ रहे हैं। इससे छत्तीसगढ़ प्रदेश भी अछूता नहीं है। यहां भी महिलाओं के साथ दुष्कर्म के मामले बढ़े हैं। भिलाई के डीपीएस स्कूल में 4 साल की बच्ची के साथ हुई यौन उत्पीड़न के मामले को सरकार दबाने प्रयास कर रही है। वहीं, जिला कांग्रेस अध्यक्ष बंशी पटेल ने ने कहा कि छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन गया है। यहां महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। महिलाओं के साथ पिछले आठ माह में ही 3 हजार से अधिक अपराध के मामले दर्ज हुए हैं। भाजपा ▶▶| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर शर्मा ने किया ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण



**बेमेतरा।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में स्थित ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने वेयर हाउस की सुरक्षा, वहां स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के रख-रखाव, बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, व्ही व्ही पीएटी मशीन, सीसी टीवी कैमरे, अग्नि से सुरक्षा परिसर की सुरक्षा सहित अन्य बिंदुओं के बारे मे जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग राजनीतिक दलों की प्रतिनिधियों मे भाजपा से तारण सिंह राजपूत एवं कांग्रेस के सुनील नामदेव एवं सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### शिक्षक दिवस सम्मान समारोह स्थगित

**बेमेतरा।** 5 सितम्बर को बेमेतरा जिले के कृषि उपज मंडी में आयोजित होने वाले शिक्षक दिवस एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। समिति के संरक्षक एवं विधायक दीपेश साहू ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका शामिल होने वाले थे, लेकिन उनका स्वास्थ्य ख़राब हो जाने के कारण वे कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाएंगे। इसके कारण कार्यक्रम स्थगित किया जा रहा है। विधायक श्री साहू ने बताया कि आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तक 5 सितम्बर को होने वाला कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है।

### अर्जुंदा में सामूहिक करुभात भोज आज

**अर्जुंदा।** गुण्डरदेही विधानसभा के नगर अर्जुंदा में विधायक कुंवर सिंह निषाद की ओर से क्षेत्र की सभी बहनों बेटियों व माताओं के लिए अर्जुंदा स्थित शासकीय भारतीय विद्यालय के प्रांगण में करूभात कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर सभी के लिए शाम 6 से रात्रि 10 बजे तक करू भात की व्यवस्था की गई है। साथ ही दूसरे दिवस उपवास के दिन विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता तथा छत्तीसगढ़ी पारंपरिक खेल फुगड़ी, गोली चम्मच, मटका फोड़, मटका दौड़, रंगोली प्रतियोगिता, सुई धागा, मेहंदी प्रतियोगिता, रस्सा खींच सामूहिक, कुर्सी दौड़, कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा इन सभी खेलों में प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार रखा गया है।

## प्राथमिक शाला मोहभट्ठा में चला स्वच्छता जागरुकता अभियान



शासकीय प्राथमिक शाला मोहभट्ठा में बुधवार को स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें शिक्षक द्वारा बच्चों को स्वच्छता से संबंधित जानकारी दी गई। बच्चों को नियमित साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया गया। पीने के पानी को ढंककर रखने तथा दूषित पानी पीने से होने वाली बीमारियों के बारे में भी बताया गया। सभी बच्चों को इस संबंध में शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में प्रधान पाठक सुरेश कुमार बंजारे सहित सभी शिक्षक तथा बेमेतरा डाइट के छात्राध्यापक भूपेंद्र साहू एवं गोविंदा श्रीवास भी मौजूद रहे, जो शाला अनुभव (स्कूल इंटर्नशिप) के लिए आए हुए हैं।

## जिपं सीईओ ने लखपति दीदी योजना के संबंध में ली बैठक



**बेमेतरा।** जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल ने सभी लाइन डिपार्टमेंट्स के प्रमुख अधिकारियों की उपस्थिति में लखपति दीदी के संबंध में विस्तृत कार्ययोजना पर बैठक ली । बैठक में सभी विभाग प्रमुखों ने अपने-अपने विभाग की योजनाओं के संबध में जानकारी दी। सीईओ जिला पंचायत ने सभी लक्षित समूह के सदस्यों को अधिक से अधिक समस्त शाशकीय योजनाओं का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक में महिला एवं बाल विकास, डीडीपी पंचायत, कृषि, उद्यानिकी, मतस्य, पशुधन, मनरेगा, कौशल एवं एनआरएलएम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मनियारी में नल-जल योजना के लिए खोदे गए गड्ढों से सड़कें बर्बाद

## गलियों में भी लोगों का चलना हुआ मुश्किल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग साजा अंचल क्षेत्र में आने वाले ग्राम पंचायत मनियारी में शासन की महत्वाकांक्षी योजना के फलस्वरूप मनियारी रेट्रोफिटिंग नलजल योजना के लिए पाइप लाइन बिछाने गलियों व नवनिर्माण सीसी सड़क को खुदने से दशा ही बिगड़ गई है। हर घर नल जल पहुंचाने के लिए सीसी रोड व गलियों को जेसीबी व मशीनों से खोदा गया है। वहीं, खनन के दौरान स्टीमेट के अनुसार गहराई न कर डेढ़ से दो फिट की सतह पर ही पाइप लाइन बिछा दी गई। योजना के अंतर्गत हर घर नल कूप लगाने का कार्य प्रगति पर है। बिना स्टीमेट के नलकूप का निर्माण छोटी व संकरा निर्माण करने काम किया जा रहा है। साथ ही माप दण्ड व नियमों का खुलेआम धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं। इसके अलावा ठेकेदार व इंजीनियर के बगैर मजदूरों के भरोसे नल-जल का काम चल रहा है। जिन्हें जिम्मेदार संबंधित आला अधिकारी देखने तक नहीं आते।

■ खोदे गए गड्ढों को नहीं भरने से लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी

### सड़क पर नलकूप लगने से और संकरी हो गईं गलियां

मनियारी रेट्रोफिटिंग नलजल योजना के कार्य से ग्राम की गलियाँ देखते ही देखते संकरी होती जा रही हैं।आपको बता दें कि पिछले पांच सालों में ग्राम मनियारी में विकास के नाम पर सीसी रोड बना हुआ था जिन्हें सालभर बने हुए ही थे कि नल जल योजना आने पर ग्राम की गलियों की दुर्दशा ही बदल गयी। ग्राम की गलियां पहले से ही संकरी हैं और दूसरी तरफ नलजल योजना के लिए गलियों व सड़कों पर नल कूप लगाने से गाड़ियाँ चलना दूभर हो गया है। साथ ही सड़क में मिट्टी व उखड़े हुए मलबे के कारण ग्रामीण परेशान हो गए हैं। आय दिनों गलियों में सायकल व मोटरसाइकल गिर रहे हैं। नवनिर्माण सीसी रोड पहले से और भी ज्यादा खराब हो गए हैं। इस संबंध में ग्रामवासी रविन्द्र भास्कर चौबे ने बताया कि नलजल योजना से हो रहे पाइप लाइन बिछाने का कार्य ग्रामीणों के लिए मुसीबत का कारण बन गया है। गली व सड़क में जगह-जगह गड्ढे खोद दिए गए हैं। इससे हम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।




पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411


## कस्टम मिलिंग कार्य में गड़बड़ी राइस मिलर्स पर हुई कार्रवाई

**बेमेतरा।** खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के कस्टम मिलिंग के लिए पंजीकृत राईस मिलर्स द्वारा कस्टम मिलिंग कार्य में लापरवाही बरतने के संबंध में कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार कार्रवाई की गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम तिलई तहसील भिंभौरी स्थित मेसर्स गायत्री एग्रो प्रोडक्ट्स एवं ग्राम (चंडी) तिलई, तहसील भिंभौरी स्थित मेसर्स मां शाकम्भरी राईस मिल का खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा आकस्मिक जांच की गई। जांच में मेसर्स गायत्री एग्रो प्रोडक्ट्स व मां शाकम्मरी राईस मिल द्वारा कस्टम मिलिंग अंतर्गत चावल जमा नहीं किये जाने सहित अनेक अनियमितता पाई गईं। इस प्रकार उपरोक्त राईस मिलों द्वारा छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 के प्रावधानों का उल्लंघन किये जाने के कारण संबंधितों से कुल 30800 क्विंटल धान एवं 3995 क्विंटल चावल जब्त कर प्रकरण दर्ज किया गया।

